

# खबर पर पहल : सफाई हुई, पानी निकासी की दरकार

## शहर के आस्था के केन्द्र पूजा पार्क परिसर में लगे हैण्डपम्प के पानी निकासी के बिना नहीं दूर होगी समस्या



नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अप्रैल। नगर पालिका परिषद सीधी ने नवभारत की खबर पर पहल करते हुये शहर के आस्था के केन्द्र पूजा पार्क परिसर में लगे हैण्डपम्प स्थल पर सफाई का कार्य किया। हैण्डपंप के पानी निकासी के बिना स्थाई निदान न होने से समस्या दूर नही होगी।**

बताते चलें कि शहर का पूजा पार्क परिसर में कई मंदिर होने से श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बिन्दु है। यहां श्रद्धालु नियमित रूप से पूजा-अर्चना करने के लिये पहुंचते हैं। उस दौरान श्रद्धालुओं को पानी के लिये यहां लगे इकलौते हैण्डपंप का सहारा लेना पड़ता है। हैण्डपंप स्थल पर साफ-सफाई लम्बे अर्से से न होने के कारण यहां समीपी गड्ढे में काफी मलबा जमा हो चुका था। साथ ही आसपास काई जमने से फिसलन की स्थिति थी। श्रद्धालुओं की समस्या को नवभारत ने आज गंभीरता से उठाया, जिसके बाद साफ-सफाई जेसीबी मशीन के माध्यम से कराई गई। अब भी पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था नहीं बन सकी है।

### स्थाई व्यवस्था होने तक नियमित सफाई की जरूरत

पूजा पार्क में लगे हैण्डपंप स्थल पर पानी की निकासी के लिये जब तक स्थाई व्यवस्था नहीं हो जाती यहां नियमित सफाई की जरूरत है। नगर पालिका के सफाई अमले को यहां बीच-बीच में आकर यह देखना चाहिये कि आसपास गंदगी ज्यादा तो नहीं फैल रही है। समस्या का स्थाई निदान होने तक इसी वजह से नियमित सफाई की जरूरत है, जिसके लिये विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।

### नवभारत ने प्रमुखता से उठाई समस्या



समस्या : पूजा पार्क में हैण्डपम्प के पानी की निकासी के अभाव में गंदगी का आलम

पूजा पार्क में व्याप्त गंदगी से श्रद्धालुओं को आये दिन समस्या का करना पड़ता है सामना, पानी निकासी के स्थाई समाधान की दरकार

नवभारत ने पूजा पार्क में लगे हैण्डपंप स्थल पर भारी गंदगी की समस्या को आज प्रमुखता से उठाया। पूजा पार्क में लगे इकलौत हैण्डपंप स्थल में व्याप्त गंदगी के चलते श्रद्धालुओं को आये दिन समस्या का सामना करना पड़ता था। उक्त समस्या के स्थाई समाधान के लिये पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था बनाने की दरकार है। जब तक पानी निकासी की सुविधा नहीं बनेगी, कुछ दिन में फिर गंदगी की समस्या निर्मित हो जायेगी।

### इनका कहना है

पूजा पार्क परिसर स्थित हैण्डपम्प के सामने आज सफाई कराई गई है। पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नही होने के कारण पानी के ठहराव से काई जम जाती है। जब तक पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था नही बनती तब तक पूर्णरुपेण समस्या का समाधान होना संभव नही है।

**गौरव सिंह, सफाई प्रभारी नपा सीधी**

# पनवार हवाई पट्टी का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## एयर एम्बुलेंस सुविधा के लिए बनाया जाएगा सुरक्षित



नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अप्रैल। कलेक्टर विकास मिश्रा ने पनवार हवाई पट्टी का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हवाई पट्टी की वर्तमान स्थिति का अवलोकन करते हुए उसके सुदृढ़ीकरण एवं आवश्यक मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।**

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हवाई पट्टी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए तथा पूरे क्षेत्र को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाया जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में इसका प्रभावी उपयोग किया जा सके।

उन्होंने कहा कि हवाई पट्टी का उन्नयन होने से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और जरूरतमंद हितग्राहियों को समय पर एयर एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। कलेक्टर विकास मिश्रा ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए एक स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करने एवं निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही

मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के निर्देशों के अनुरूप प्रदेश में हवाई पट्टियों के विकास एवं उन्नयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। राज्य शासन के विमानन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, मध्यप्रदेश नागर विमानन नीति 2025 के तहत हवाई पट्टियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप विकसित किया जाना है, जिससे औद्योगिक, पर्यटन एवं मेडिकल सेवाओं को मजबूती मिल सके। इसी क्रम में जिले की हवाई पट्टियों के विस्तार, सुरक्षा एवं आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए कार्ययोजना तैयार कर प्राथमिकता के साथ क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# प्रदेश भर के रंग कर्मियों का महाकुंभ 5 से

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अप्रैल। भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा मध्य प्रदेश का दसवां राज्य सम्मेलन एवं नाट्य महोत्सव आगामी 3 से 5 अप्रैल को अनूपपुर में होने जा रहा है।**

जिसमें इप्टा के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश वेद लखनऊ, राष्ट्रीय महासचिव तनवीर अख्तर पटना, फिल्म अभिनेता राजेन्द्र गुप्ता मुंबई, रंगकर्मी और विचारक शैलेंद्र रांची, वेदा राकेश लखनऊ सहित खगोल शास्त्री अमिताभ पांडे दिल्ली बतौर अतिथि शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्घाटन 3 अप्रैल को बेथेल मिशन हायर सेकेण्डरी स्कूल अनूपपुर में होगा। सायं 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। 4 को सांय धूमिल की कविता पर आधारित एकल नाटक पटकथा का मंचन अभिनेता राजेन्द्र गुप्ता द्वारा अभिनीत तथा आर.एस.विकल के निर्देशक में होगा। रात्रि असगर मेहंदी द्वारा लिखित पटकथा दास्ताने-ए-अशफाक प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें कलाकार शहजाद रिजवी फरजाना मेहंदी अभिनय करेंगे। महोत्सव के अंतिम दिन 5 अप्रैल को सायं 7 बजे लेखक अशोक बटलर द्वारा लिखित राकेश वेद द्वारा रूपांतरित तथा अनिल रंजन भौमिक के निर्देशन में विवेचना इप्टा जबलपुर के द्वारा नाटक 72 मील प्रस्तुत किया जाएगा।

# उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश का जिला अधिवक्ता संघ सीधी ने किया पालन

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अप्रैल। 31 मार्च को जिला अधिवक्ता संघ सीधी के पुस्तकालय भवन में उच्च न्यायालय जबलपुर की याचिका क्र. 45595/2025 के आदेश दिनांक 25.03.2026 के अनुसार जिला अधिवक्ता संघ सीधी के पुस्तकालय भवन में 31 अप्रैल को 11 बजे दिन नियुक्त कमिश्नर परितोष त्रिवेदी सचिव मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ जबलपुर के द्वारा कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।**



जिसमे अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष युनूस सिद्दकी, सचिव रवीन्द्र कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष रोहिणी प्रसाद पटेल, सहसचिव प्रदीप कुमार सिंह चौहान, पुस्तकालय प्रभारी भरत भूषण परासर, कार्यकारिणी सदस्य पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, विद्याकांत मिश्रा, नीरज मिश्रा, विष्णु बहादुर सिंह चौहान, राजेश कुमार सिंह गहरवार की उपस्थिति में जिला अधिवक्ता संघ सीधी के प्रभार संबंधी कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। जिससे गोदरेज अलमारी में शील बंद एवं ताला बंद थे जिसे खुलवाकर जिसमे अभिलेखो की सूची अनुसार कार्यवाही प्रारम्भ की गयी और सर्वप्रथम संघ के सचिव को चुनाव के एक सप्ताह के अन्दर बैंक में खाते में संयुक्त हस्ताक्षर कराये जाकर प्रभार दिया जा चुका था, साथ ही अधिवक्ताओं के नवीन सदस्यता शुल्क की कार्यवाही की जा रही थी।

शेष अभिलेख को माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार नियुक्त कमिश्नर द्वारा कराई गई। परितोष त्रिवेदी नियुक्त कमिश्नर द्वारा सभी पदाधिकारियो एवं कार्यकारिणी सदस्यो को साल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परितोष त्रिवेदी ने कहा कि संघ के भीतर बैठकर अधिवक्ताओं के कल्याण और विकास की इबारत लिखी जानी चाहिये।

# महात्मा गांधी मेमोरियल रामगढ़ में धूमधाम से मना प्रवेशोत्सव

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 1 अप्रैल। सेमरिया क्षेत्र के महात्मा गांधी मेमोरियल हाईस्कूल रामगढ़ में नए शिक्षा सत्र के अवसर पर प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जो सभी के लिए आकर्षण का केन्द्र रहा।**



विद्यालय पहुंचे नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत विद्यालय संचालक एवं स्टाफ द्वारा फूल, चंदन और हल्दी का टीका लगाकर किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की धुन से पूरा परिसर गूंज उठा, जिससे माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में विद्यालय संचालक श्रीकांत तिवारी, प्राचार्य एल.के.गुप्ता, ऑफिस इंचार्ज राजीव शुक्ला, प्रभारी नंद कुमार बहरोलिया, राजेश खरे, संदीप मिश्रा, मो.अशरफ, मधु मिश्रा, खेल प्रभारी गुंजन गुप्ता, ज्योति विश्वकर्मा, संगीत प्रभारी रश्मि सिंह, शिक्षक रूप द्विवेदी, गायत्री बहरोलिया, शीतल विश्वकर्मा, साधना मिश्रा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



# आप ही देश का भविष्य और क्षेत्र का गौरव हैं : टेकाम

नवभारत न्यूज

**कुसमी 1 अप्रैल। कुसमी विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जूरी में बुधवार को स्कूल चले हम प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, एसडीएम कुसमी शैलेंद्र द्विवेदी, सीईओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने बच्चों को नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश की बधाई देते हुए कहा कि आप ही देश का भविष्य और क्षेत्र का गौरव हैं। मन लगाकर पढ़ाई करें, अगर पढ़ाई या आगे की शिक्षा में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो मुझसे सीधे संपर्क करें, आपकी हर संभव मदद की जाएगी। विधायक के इस आश्वासन से छात्रों और अभिभावकों में सकारात्मक संदेश गया।

इस कार्यक्रम के दौरान पारम्परिक विधि से दीप प्रज्ज्वलन और कन्या पूजन किया गया। इसके साथ ही 170 छात्रों को पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई जबकि 57 छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। जिससे अन्य बच्चों को प्रेरणा मिली। यह प्रवेश उत्सव कार्यक्रम लगभग 10 बजे से 3 बजे तक चला। जिसमें शिक्षा के प्रति जागरूकता और बच्चों के उज्वल भविष्य का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।

# स्कूल चले हम अभियान के तहत जिले में प्रवेशोत्सव का शुभारंभ

## जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत



नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अप्रैल। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत जिले में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह एवं उल्लास के साथ प्रारंभ हुआ। जिले के विभिन्न विकासखण्डों में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जहां नवप्रवेशी बच्चों का आत्मीय स्वागत किया गया।**

सीधी विकासखण्ड अंतर्गत सांदीपनी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधायक रीती पाठक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमिलिया में विधायक विश्वामित्र पाठक, कुसमी के जूरी एवं मझौली के डांगा में विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। रामपुर नैकिन क्षेत्रों में भी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हल्दी-चावल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया, जिससे विद्यालयों में एक पारंपरिक एवं आत्मीय वातावरण का निर्माण हुआ। बच्चों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें, साइकिल एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित कर शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ाया गया। इस अवसर पर 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया, जिससे अभिभावकों की सहभागिता को भी प्रोत्साहन मिला। विद्यालयों में विशेष भोज का आयोजन कर विद्यार्थियों को उत्सव का आनंद प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिभावकों से अपील की गई कि वे बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाएं और उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करें। 2 अप्रैल को पालकों की सहभागिता से सांस्कृतिक एवं खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। वहीं 4 को भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे स्कूल चले हम अभियान में सहभागी बनकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करें।

### सीएम हेल्पलाइन में सीधी प्रथम

**सीधी।** श्रम विभाग अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन में माह फरवरी 2026 के दौरान सीधी जिला को कुल 109 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। सहायक श्रम पदाधिकारी आकांक्षा पाठक के विशेष प्रयासों, सतत समीक्षा एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के चलते इन शिकायतों के निराकरण में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई। सीएम हेल्पलाइन राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल एक महत्वपूर्ण योजना है, जो ग्रामीण अंचलों में रहने वाले नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण की दिशा में एक अभिनव पहल के रूप में कार्य कर रही है।



# शिक्षा सफलता और सर्वांगीण विकास की कुंजी : विश्वामित्र

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अप्रैल। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमिलिया में स्कूल चले हम अभियान के तहत छात्र अभिनंदन एवं प्रवेशोत्सव समारोह विधायक विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ।**

इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया तथा उन्हें नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर नए शैक्षणिक सत्र की विधिवत शुरुआत कराई गई। कार्यक्रम में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता के साथ-साथ व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शासकीय विद्यालयों में निरंतर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और शिक्षा ही उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाती है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, डिजिटल संसाधन, नि:शुल्क गणवेश, साइकिल वितरण, छात्रवृत्ति, स्कूटी एवं लैपटॉप जैसी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंच सके। नवप्रवेशी छात्रों को पठन-पाठन सामग्री वितरित की गई एवं विधायक द्वारा मध्यान्ह भोजन में सम्मिलित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, एसडीएम राजेश शुक्ला, जनपद पंचायत सीईओ रश्मि पाण्डेय, तहसीलदार जय प्रकाश पाण्डेय, सरपंच पार्वती रावत, बीआरसीसी मुन्नालाल साकेत, मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# रंगदूत समेत 1100 से अधिक कला मंडलियों का अनुदान बंद

## गुरू-शिष्य परम्परा योजनांतर्गत केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय से रंगदूत को मिलता रहा अनुदान

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अप्रैल। रंगदूत समेत देश की 1100 से अधिक कला मंडलियों का अनुदान बंद कर दिया गया। रंगदूत सीधी ही नहीं बल्कि देश का एक प्रमुख और सक्रिय नाट्य दल है, जिसने देश के साथ विदेशों में भी सीधी का परचम लहराया है। रंगदूत से प्रशिक्षित कलाकार रंगमंच और सिनेमा तक विंध्य का नाम रोशन कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 तक गुरु-शिष्य परम्परा योजना के अंतर्गत रंगदूत को केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा अनुदान मिलता रहा है।**

अचानक सत्र 2025-26 की समाप्ति के समय मंत्रालय द्वारा जारी मिनट्स में बीते सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अनुदान हेतु रंगदूत द्वारा भेजे गए आवेदन को बिना कोई कारण बताए निरस्त दिया गया है। ऐसा देशभर की करीब 70 प्रतिशत से अधिक सक्रिय संस्थाओं के साथ हुआ है जो कि मंत्रालय द्वारा स्कीम के अंतर्गत चाही गई अहर्ताएं पूरी करती हैं। इस संबंध में जिले के रंगकर्मी प्रसन्न सोनी ने बताया कि इस वर्ष निर्णायक समिति में विभिन्न कला विधाओं के विषय-विशेषज्ञ जो कि अलग-अलग राज्यों का प्रतिनिधित्व करते थे, उन्हें नहीं रखा गया। साथ ही पूर्व के वर्षों में अनुदान का आवेदन करने वाली संस्थाओं के गुरुओं/प्रतिनिधियों को विशेषज्ञों के समक्ष भौतिक रूप से प्रस्तुत होना अनिवार्य था। इस प्रक्रिया में अनुदान की पात्रता सिर्फ कागज़ आधारित न होकर सीधे भौतिक सत्यापन से स्वत: जुड़ जाती थी जिसे इस वर्ष संस्कृति मंत्रालय ने नहीं अपनाया और सीधे



ऑनलाइन आवेदनों पर एक तरफा विचार किया। ऐसा करना एक पारदर्शी और तार्किक प्रक्रिया के स्थान पर अपारदर्शी और अतार्किक प्रक्रिया को वरीयता देने जैसा कदम है। संस्कृति मंत्रालय द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही रंगदूत का भौतिक सत्यापन किया गया और अनुदान जारी रखने हेतु पात्र भी पाया गया, किन्तु इसी सत्र के लिए संस्था के रिनुअल आवेदन को कमेटी द्वारा रिजेक्ट कर दिया गया। यहां मंत्रालय द्वारा अपने ही बनाये नियमों का अतिक्रमण किया गया। इस चयन समिति ने संस्कृति मंत्रालय के अपने ही बनाये नियमों, मापदंडों एवं आधारों को दरकिनार करते हुए निर्णय लिए हैं। इस बार सुदूर क्षेत्रों में यदि एक या दो समूह ही सक्रिय थे तो उनका भी अनुदान बंद कर दिया गया है। जैसे सीधी सिंगरौली मिलाकर दो ही संस्थाएं को कला विकास हेतु अनुदान प्राप्त था जिसमें से एक प्रमुख रंगदूत का बंद कर दिया गया। रंगदूत को प्रतिष्ठित रंग अशोक राष्ट्रीय नाट्य समारोह हेतु प्रतिवर्ष मिलने वाला अनुदान भी बिना कोई कारण बताए रिजेक्ट किया गया है। ज्ञात हो कि रंग अशोक सीधी जिले में रंगमंच के जनक स्व.अशोक तिवारी की स्मृति में आयोजित होता था। इस तरह से यह सीधी की रंग विरासत को अपमानित करने जैसा कदम है। रंगमंच से बच्चों को बड़ी संख्या के व्यक्तित्व विकास और बेहतर नागरिक बनने का मार्ग प्रशस्त होता है साथ ही अनेक संस्थाएं कैदियों, किन्नरों, बौनों, पीड़ित महिलाओं के साथ कला के माध्यम से चेतना विस्तार और राष्ट्र निर्माण का कार्य करती हैं। रिजेक्ट हुई सभी संस्थाओं ने औसतन अपने 10 वर्षों की सक्रियता से कम से कम 6 करोड़ से अधिक वयस्कों और बच्चों को प्रभावित किया है।

### उप मुख्यमंत्री से मिलकर रंगकर्मियों ने बताई समस्या



इस मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मध्यप्रदेश के कलाकारों ने 31 मार्च 2026 को भोपाल स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें इस विषय से अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय को पत्र लिखकर चर्चा करने का आश्वासन दिया है।